'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नैस' से राजस्थान में निवेश बढ़ा- भजनलाल

मुख्यमंत्री ने राजस्थान दिवस के तहत आयोजित उद्यमी संवाद समारोह में भाग लिया

जयपुर, 18 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उद्योग और निवेश आर्थिक समृद्धि के सबसे बड़े माध्यम हैं तथा उद्यमी अपने व्यवसाय को बढ़ाने के साथ ही राजस्थान की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण और निरन्तर नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे राजस्थान औद्योगिक विकास की एक नई गाथा लिख रहा है।

शर्मा बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित उद्यमी संवाद समारोह को संबोधित कर रहे थे।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के ठोस एवं दूरदर्शी निर्णयों से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। बीकानेर, पाली, किशनगढ़, जोधपुर, सहित विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक पार्क विकसित किए गए हैं। वहीं, अलवर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और अजमेर में नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कर भू आवंटन के लिए खोल दिए गए हैं।

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने औद्योगिक क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ जैसे नए क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दे रही है तथा इनके विकास के लिए प्रभावी नीतियां लागू की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमी संवाद समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कई योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व स्वीकृति पत्र दिए और राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी और राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का अनावरण किया।

इस दौरान शर्मा ने राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी और राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का अनावरण किया। उन्होंने रीको औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े 119 करोड़ रुपये लागत के 40 कार्यों का लोकार्पण और 226 करोड़ रुपये के 46 कार्यों का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में शर्मा ने एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार और विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण के चेक सौंपे। साथ ही, एमएसएमई नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, आरएफसी की युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत, लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी दिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में राजस्थान मण्डपम को लेकर वीडियो का प्रस्तुतीकरण किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, आयुक्त रीको शिवांगी स्वर्णकार, सीआईआई, फोर्टी, सहित विभिन्न उद्यम संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद थे। साथ ही, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के उद्योग जगत के लोग भी इस आयोजन से जुड़े।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए तीन महत्वपूर्ण नीतियों का अनावरण किया। ये नीतियां है, राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफैंस पॉलिसी तथा राजस्थान सेमिकंडकटर पॉलिसी। उन्होंने रीको औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से जुड़े 119 करोड़ रूपए के 40 कार्यों का लोकार्पण किया तथा 226 करोड़ रूपए के 46 कार्यों का शिलान्यास किया।**

कच्चा तेल लेकर तीसरा जहाज गुजरात पहुँचा

नई दिल्ली, 18 मार्च। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद, भारत के लिए एलपीजी और कच्चा तेल लेकर आए भारतीय ध्वज वाले टैंकर सुरक्षित रूप से गुजरात के बंदरगाहों तक पहुंच रहे हैं। इससे ऊर्जा आपूर्ति को लेकर तत्काल राहत मिली है।

गुजरात के मुंद्रा स्थित अदाणी पोर्ट्स पर भारतीय ध्वज वाले क्रूड ऑयल टैंकर "जग लाडकी" का आगमन हुआ। जहाज पर सवार सभी 22 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात से कच्चा तेल लेकर पहुंचा है। टैंकर में करीब 80,886 मीट्रिक टन कच्चा तेल लदा था, जिसे फुजैराह बंदरगाह से लोड किया गया था। जग लाडकी युद्ध क्षेत्र से अदानी समूह के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचने वाला दूसरा जहाज है। इससे पहले, एलपीजी टैंकर शिवालिक सोमवार को बंदरगाह पर पहुंचा था। खास बात यह है कि जहाज उसी दिन रवाना हुआ था, जब फुजैरा के तेल टर्मिनल पर हमला हुआ था। शिवालिक और नंदा देवी के बाद यह भारत पहुंचने वाला तीसरा जहाज है।यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा।

'सहमति के बाद भी नार्को टैस्ट से इंकार किया जा सकता है'

जयपुर, 18 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने नार्को टेस्ट को लेकर कहा है कि किसी भी आरोपी को नार्को टेस्ट कराने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

अदालत ने कहा कि भले की आरोपी ने पहले टेस्ट कराने की सहमति दी है तो बाद में वह इससे इनकार भी कर सकता है। इसके साथ ही अदालत ने सम्बन्धित मामले में निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने ये आदेश सुभाष सैनी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता अरुण सिंह ने बताया कि उसके खिलाफ चिड़ावा थाने में आपराधिक मामला दर्ज हुआ था। याचिकाकर्ता की ओर से सहमति देने के आधार पर निचली अदालत ने 18 मई, 2015 को यह टेस्ट कराने की अनुमति दे दी। याचिका में कहा गया कि सहमति देने के बाद उसे समझ आया कि यह उसके अधिकारों के खिलाफ है तो उसने सहमति वापस लेने का फैसला किया, लेकिन बाद में निचली अदालत ने उसकी याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में कहा गया कि यह विधि का सिद्धांत है कि किसी भी व्यक्ति को स्वयं के खिलाफ साक्ष्य देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पुलिस ने आरोपी की सहमति और कोर्ट की अनुमति के आधार पर टेस्ट कराने की पूरी प्रक्रिया तय की थी। ऐसे में बाद में आरोपी इससे इनकार नहीं कर सकता। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने कहा कि सहमति वापस लेना व्यक्ति का अधिकार है और उसे जबरन नार्को टेस्ट के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

- **हाई कोर्ट ने कहा कि किसी भी आरोपी को नार्को टैस्ट कराने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।**

इज़रायल ने ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर हमला किया

जवाब में ईरान ने सऊदी अरब, कतर व यूएई के तेल-गैस भंडारों पर हमले की धमकी दी

तेल अवीव/तेहरान, 18 मार्च। मिडिल ईस्ट में जारी जंग अब एक नया और खतरनाक रूप लेती दिख रही है। दरअसल, इज़रायल ने बुधवार को ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले किए। ये पहली बार है, जब अमेरिका-इजरायल ने ईरान में प्राकृतिक गैस के ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों से ईरान भड़क गया है और उसने सऊदी अरब, कतर और यूएई के तेल व गैस ठिकानों को सीधा निशाना बनाने की खुली धमकी दे दी है। ईरानी गैस फील्ड पर हमले के लिए कतर ने भी इजरायल की आलोचना की है।

साउथ पार्स ईरान के ऊर्जा उत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण केन्द्र है। इसे ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। इससे पहले अमेरिकी सेना ने फारस की खाड़ी में ईरान के मुख्य तेल टर्मिनल खार्ग आइलैंड पर हमला किया था। तेल के बाद अब गैस फील्ड पर हमले को ईरान की इकोनमी की कमर तोड़ने की रणनीति माना जा रहा है। हालांकि इसके गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

साउथ पार्स और नॉर्थ फील्ड को दुनिया का सबसे बड़ा गैस फील्ड कहा जाता है। यह फारस की खाड़ी में एक तरफ ईरान (साउथ पार्स) तो दूसरी तरफ कतर (नॉर्थ फील्ड) से लगा हुआ है।

माना जाता है कि दुनिया का लगभग 10-15 प्रतिशत गैस भंडार इसी इलाके में है। यहां से निकलने वाली गैस पर दुनिया के कई देश निर्भर हैं। उनके बिजली और अन्य उद्योगों के लिए ये बेहद अहम है।

इस गैस फील्ड की खोज 1990 में की गई थी। यह करीब 9700 वर्ग किमी इलाके में फैला है। इसका 3700 वर्ग किमी (साउथ पार्स) हिस्सा ईरान में और 6 हजार वर्ग किमी (नॉर्थ फील्ड) कतर के इलाके में है।

कतर इसी गैस फील्ड की बदौलत लिक्विड नेचुरल गैस (एलएनजी) का सबसे बड़ा सप्लायर बना है। ईरान भी लगभग 700 मिलियन क्यूबिक मीटर गैस रोजाना यहां से निकालता है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने विशाल ऑफशोर साउथ पार्स नेचुरल गैस फील्ड पर हमले की पुष्टि की है। ईरान के सरकारी टीवी और न्यूज एजेंसी इरना ने बताया कि ये हमले ईरान के दक्षिणी बुशहर प्रांत के असालुयेह में स्थित गैस फैसिलिटीज को निशाना बनाकर किए गए हैं। इन हमलों में कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है।

- **साउथ पार्स ईरान के ऊर्जा उत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण केन्द्र है। इसे ईरान की अर्थव्यवस्था के लिये रीढ़ माना जाता है। अमेरिका द्वारा खार्ग आइलैंड पर हमले के बाद साउथ पार्स पर हमला, ईरान की इकॉनमी की कमर तोड़ने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।**

मुख्यमंत्री ने नव संवत्सर व राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 18 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र स्थापना (19 मार्च) तथा राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए, उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की है। शर्मा ने कहा कि चैत्र नवरात्र मातृ शक्ति की आराधना का पर्व है। देवी दुर्गा के नौ रूप मातृ शक्ति की विविधता और महत्ता को दर्शाते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि तथा संयमित जीवन जीने की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर हमें नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने तथा प्रदेश और समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (नव संवत्सर) के दिन मनाने की पहल गत वर्ष की गई थी, जिसको लेकर आमजन में व्यापक उत्साह है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह पहल हमारी सांस्कृतिक जड़ों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ, नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रही है।

- **उन्होंने प्रदेसवासियों के अच्छे स्वास्थ्य तथा सुख-समृद्धि की कामना की।**

हाई कोर्ट ने नये इलाकों में जेडीए के निर्माण पर रोक लगाई

जयपुर, 18 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने जेडीए को कहा है कि वह अपने रीजन में शामिल किए गए नए इलाकों में किसी तरह का कोई निर्माण नहीं करे। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में प्रमुख यूडीएच सचिव, जेडीए, प्रमुख स्वायत्त शासन सचिव, जिला कलेक्टर और प्रदूषण नियंत्रण मंडल से जवाब तलब किया है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने यह आदेश संजय जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुडी पेश हुए।

याचिका में अधिवक्ता जया मित्र ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार की ओर से गत 3 अक्टूबर को एक अधिसूचना जारी कर जेडीए रीजन में बढोतरी करते हुए इसमें 530 नए गांवों को शामिल कर दिया, जिससे जेडीए के क्षेत्राधिकार में आने वाला तीन हजार वर्ग किलोमीटर का इलाका बढ़कर छह हजार वर्ग किलोमीटर का हो गया है। इस इलाके में कृषि भूमि, इकोलॉजिकल जोन, चारागाह भूमि और पानी का केचमेंट एरिया सहित, अन्य वन्य क्षेत्र शामिल हो गए हैं। जयपुर क्षेत्र के विकास के लिए जेडीए ने मास्टर प्लान बनाए थे। पिछला मास्टर प्लान साल 2011 से साल 2025 तक प्रभावी रहा। वहीं अब साल 2025 से साल 2047 तक का मास्टर प्लान बनाया जाना है। याचिका में कहा गया कि मास्टर प्लान बनाए बिना ही जेडीए ने काफी बड़े भू-भाग को अपने रीजन में शामिल कर लिया है। वर्तमान में कोई मास्टर प्लान मौजूद नहीं है। ऐसे में इन इलाकों का विकास किस तरह होगा, यह तय किए बिना ही बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए जेडीए ने अपना रीजन बढ़ा लिया।

- **अदालत में पेश याचिका में कहा गया कि बिना मास्टर प्लान के बड़े भू-भाग को जेडीए में शामिल करना गलत है।**

चार्जिंग पॉइंट में ब्लास्ट से मकान में लगी आग, 8 की मौत

इंदौर, 18 मार्च। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में बंगाली चौराहा के पास स्थित तिलक नगर इलाके में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट के कारण चार्जिंग पॉइंट पर लगी आग ने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया और उनकी बहू सिमरन समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसे के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था, इसलिए किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखे गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे हालात और भयावह हो गए। वहीं, बिजली गुल होने से डिजिटल लॉकिंग सिस्टम बंद हो गया। कई लोग घर के अंदर ही फंस गए।

रूस का ऑयल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के अनुसार, रूस का तेल लेकर चीन जा रहे कम से कम सात टैंकरों ने यात्रा के बीच में ही अपना गंतव्य चीन से बदलकर भारत कर लिया है। अब भारत की सभी प्रमुख रिफाइनरियां इस तेल को खरीदने के लिए बाजार में सक्रिय हैं।

शिप-ट्रैकिंग डेटा बता रहा है कि "स्वेज़मैक्स ज़ोज़ो एन." नाम का एक टैंकर भारत के सिक्का बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है और इसके 25 मार्च तक वहाँ पहुंचने का अनुमान है। "कैपलर" के अनुसार, इसमें कज़ाखस्तान का "सीपीसी ब्लेंड" कच्चा तेल है। यह टैंकर रूस के नोवोरोस्सिय्स्क बन्दरगाह (ब्लैक सी) से चला था और पहले "रिझाओ" के पास पहुंचा, लेकिन मार्च की शुरुआत में वापस मुड़कर भारत की ओर बढ़ने लगा।

मुख्यमंत्री आज ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सर्विसलाइन पर ली गई 100 ब्लूलाइन एक्सप्रेस बसों, 79 स्टारलाइन बसों तथा 28 एसी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इन बसों के शामिल होने से राजस्थान रोडवेज के बेड़े में कुल 207 नई बसों की वृद्धि होगी।

उल्लेखनीय है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक हर सुविधा की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक यातायात सुविधा का निरंतर विस्तार हो रहा है। इन नवीन बसों के संचालन से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के और सुदृढ़ होने के साथ ही आमजन को बेहतर यातायात सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

राष्ट्रपति मुर्मू आज अयोध्या में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी

बारह मार्च से चल रहा है श्रीराम यंत्र पूजन

अयोध्या, 18 मार्च। श्री राम जन्मभूमि परिसर में बारह मार्च से चल रहे श्रीराम यन्त्र पूजन के सातवें दिन बुधवार को गतपत्यादि आव्हानित देवताओं का पूजन, श्रीराम यन्त्रार्चन, प्रायश्चित आहुति एवं पूर्णाहुति दी गई। 19 मार्च को वर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रपति श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में श्रीराम यन्त्र का स्थापना पूजन करेंगी।

पहले दिन बारह मार्च को प्रथम बेला में प्रायश्चित पूजन, दसविधि स्नान एवं जलयात्रा, द्वितीय बेला में पंचांग पूजन तथा मण्डप प्रवेश हुआ। तेरह मार्च को वास्तु पूजन, अग्निस्थापन, मण्डप पूजन, नवग्रहादि मण्डपस्थ देवताओं का पूजन एवं श्रीराम यन्त्र पूजन हुआ। द्वितीय बेला में पुरुषसूक्त एवं श्री सूक्त से यज्ञाहुतियां, उत्तर पूजन एवं आरती हुई। इसके बाद के दिनों में आव्हानित देवताओं का पूजन, श्रीराम यन्त्रार्चन,पुरुष एवं श्री सूक्त से यज्ञाहुतियां एवं उत्तर पूजन का क्रम चलता रहा। आज प्रायश्चित आहुति व पूर्णाहुति दी गई। कल नव वर्ष के प्रथम दिन श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यन्त्र की स्थापना पूजा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या आगमन को लेकर योगी सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 19 मार्च को हिंदू नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन वे रामनगरी पहुंचेंगी। यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी।

साथ ही वैदिक अनुष्ठानों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। यह दौरा राम मंदिर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा, क्योंकि राम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर होगी, जो आध्यात्मिक और वास्तुशास्त्रीय दृष्टि से अत्यंत पवित्र मानी जाती है।(मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तिगत निर्देशन में अयोध्या को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने का व्यापक अभियान चल रहा है।

- **श्रीराम यंत्र राम मंदिर के द्वितीय तल पर स्थापित होगा, जो आध्यात्मिक और वास्तु शास्त्र की दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है।**

अमेरिका ने ईरान के मिसाइल ठिकानों पर बंकर-बस्टर बम गिराये

हमले में भूमिगत सैन्य ठिकानों पर 5000 पाउंड के डीप पेनिट्रेटर बम गिराये गए

पेरिस/वाशिंगटन, 18 मार्च। पश्चिम एशिया में 19 दिन से जारी सैन्य संघर्ष खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरानी मिसाइल ठिकाने पर बंकर-बस्टर बम से हमला करते हुए अपने सबसे शक्तिशाली हथियारों का इस्तेमाल किया है। इस ऑपरेशन में 5,000 पाउंड वजनी डीप पेनिट्रेटर बम का इस्तेमाल किया गया, जो मजबूत और भूमिगत सैन्य ठिकानों को नष्ट करने के लिए बनाए जाते हैं। इस बीच राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगियों की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका को अब किसी बाहरी मदद की जरूरत नहीं है। वहीं, इजरायल का दावा है कि उसने ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाकर बड़ा झटका दिया है, जिससे क्षेत्र में तनाव और गहरा गया है।

फ्रांस के प्रमुख समाचार पत्र ले मोंडे, अमेरिका के वॉल स्ट्रीज जर्नल और अन्य मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने एक बड़ी सैन्य कार्रवाई करते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के मिसाइल ठिकानों पर शक्तिशाली बंकर-बस्टर बमों से हमला किया है। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने मंगलवार को बताया कि इस ऑपरेशन में 5,000 पाउंड वजनी डीप पेनिट्रेटर बमों का इस्तेमाल किया गया, जो मजबूत और भूमिगत सैन्य ठिकानों को नष्ट करने के लिए बनाए जाते हैं।

अमेरिकी सेना के अनुसार जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, वहां ईरान की एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें तैनात थीं। ये मिसाइलें अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए बड़ा खतरा मानी जा रही थीं, खासकर उस समय, जब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का कदम उठाया था। यह जलमार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया का लगभग पांचवां हिस्सा तेल इसी रास्ते से गुजरता है।

- **अमेरिकी सेना के अनुसार, जहाँ हमला किया गया, वहां ईरान की एंटी-शिप क्रूस मिसाइलें तैनात थीं। ये मिसाइलें होर्मुज़ स्ट्रेट से गुजरने वाले अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिये बड़ा खतरा मानी जाती हैं।**

जिला स्तर के 43 प्रशासनिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तबादला किए गए अधिकारियों को राज्य सरकार फिर से नियुक्त करेगी और पुरस्कृत करेगी। और कुछ नहीं तो, इससे यह संकेत तो मिलता ही है कि सत्ता में बने रहने के लिए चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर करने की कला में उन्होंने कितनी महारत हासिल कर ली थी। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में पूरे प्रशासन को नियंत्रित करने के लिए अत्यंत चालाकी से काम किया था। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से पूरी वफादारी हासिल की और उनके जरिए कामकाज को नियंत्रित किया। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, कई वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के पास जरूरत से ज्यादा संपत्ति और अन्य बाहरी हित भी रहे हैं। अब तक राज्य में तथाकथित स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए केन्द्रीय बल तैनात किए जाते रहे हैं, लेकिन ये बल स्थानीय प्रशासन के नियंत्रण में रहते थे। इससे राज्य प्रशासन और पुलिस अधिकारी इन बलों की तैनाती और आवाजाही को आसानी से अपने हिसाब से नियंत्रित कर लेते थे। अक्सर इन बलों को गलत जानकारी दी जाती थी और उन्हें उन जगहों पर नहीं भेजा जाता था, जहां उनकी तत्काल जरूरत होती थी। इसके बजाय, उन्हें ऐसे क्षेत्रों में भेजा जाता था, जहां उनकी जरूरत कम होती थी। इसके अलावा, जब विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों पर हमले होते थे, तब इन केन्द्रीय बलों को दूर रखा जाता था।

अब केन्द्रीय बलों की तैनाती, उनकी गतिविधियों और आदेशों के समन्वय के लिए एक अलग व्यवस्था बनाई जाएगी, जो स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली से पूरी तरह स्वतंत्र होगी।

भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस बीच, कांग्रेस की सहयोगी असम जातीय परिषद ने बुधवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।

क्षेत्रीय पार्टी असम जातीय परिषद (एजेपी) ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पहली उम्मीदवार सूची घोषित की है। सूची के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई खोवांग सीट से चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी ने असम की महत्वपूर्ण सीट डिब्रूगढ़ से मैनाक पात्रा को उम्मीदवार बनाया है।

पंकज लोचन गोस्वामी पलासबाड़ी से और दिलीप बरुआ बाजाली से चुनाव लड़ेंगे। सरूपाथर से पार्टी के उम्मीदवार जीबन चुटिया हैं।

रेजाउल करीम चौधरी को बिन्नाकांडी से टिकट दिया गया है, जबकि बानी दास मोरीगांव से चुनाव लड़ेंगी। राजेन गोहाइन को बारामपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

एजेपी, जिसकी जड़ें सीएए विरोधी आंदोलनों से जुड़ी हुई थी, ने 2021 में चुनावी राजनीति में कदम रखा था तथा उस समय पार्टी प्रमुख गोगोई सहित, कई वरिष्ठ नेताओं को हार का सामना करना पड़ा था।

पंचायत व निकाय चुनावों पर हाई कोर्ट में अवमानना याचिका पेश

जयपुर, 18 मार्च। अदालती आदेश के बावजूद, प्रदेश की ग्राम पंचायतों व निकायों के चुनाव 15 अप्रैल तक नहीं कराने के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की ओर से पेश इस अवमानना याचिका में राज्य सरकार व चुनाव आयोग को पक्षकार बनाया गया है।

अवमानना याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार जानबूझकर पंचायत व निकाय चुनाव को टाल रही है और यह अदालती आदेश की अवमानना है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने बताया कि हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह प्रदेश की ग्राम पंचायत व निकायों के चुनाव एक साथ 15 अप्रैल 2026 तक कराए। इसके साथ ही, राज्य सरकार को 31 दिसंबर 2025 तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा गया था। इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई के समय सर्वोच्च अदालत ने भी हाईकोर्ट के आदेश में दखल से मना करते हुए 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के लिए कहा था, लेकिन राज्य चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव के लिए गत फरवरी माह में जारी किए कार्यक्रम में 22 अप्रैल तक अंतिम मतदाता सूची जारी करना तय किया है। इससे साफ है कि किसी भी सूरत में 15 अप्रैल तक चुनाव नहीं हो सकते हैं। इस संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से पूर्व में राज्य सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजकर तय समय पर चुनाव कराने की मांग की जा चुकी है।

- **हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 15 अप्रेल तक चुनाव कराएं, पर चुनाव कार्यक्रम में 22 अप्रेल को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होनी है।**

पालम की गली में चार मंजिले मकान में आग से 9 की मौत

नई दिल्ली, 18 मार्च। दिल्ली का पालम इलाका बुधवार सुबह उस वक्त चीख-पुकार और अफरा-तफरी से भर गया, जब साध नगर की गली नंबर-2 स्थित एक चार मंजिली इमारत में भीषण आग लग गई। सुबह लगी इस आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें तीन मासूम बच्चियां भी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस वक्त आग लगी उस समय इमारत में रह रहे अधिकांश लोग गहरी नींद में थे। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। बिल्डिंग से बाहर निकलने का सिर्फ एक ही संकरा रास्ता था, लेकिन दुर्भाग्यवश वहीं सबसे ज्यादा आग भड़क रही थी। कुछ ही देर में कमरों में जहरीला धुआं भर गया, जिससे लोगों का दम घुटने लगा। बालकनियों में खड़े लोग मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन लपटों की भयावहता के आगे कोई अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908